an>

Title: Need to formulate a scheme for proper education of differently-abled children in the country.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) ः कुछ विशेष प्रकार के बच्चे जो नःशक्त व मूकबाधिर होते हैं, उनका जीवन बहुत कठिन होता है। शिक्षा के महत्व को हम सब जानते हैं। यदि ऐसे बच्चों के लिए समुचित शिक्षा की व्यवस्था हो जाए तो उनको जीवन में कुछ सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी तथा उनका जीवन भी अच्छे तरीके से व्यतीत हो सकेगा परंतु यह भी सत्य है कि हमारे देश में अभी सामान्य बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में ऐसे नःशक्त बच्चों की शिक्षा हेतु विशेष योजनाओं तथा विशेष फण्ड की आवश्यकता है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मूकबाधिर बच्चों के लिए विशेष पाठ्यक्रम बनाने के लिए परीक्षा हेतु पृथक बोर्ड बनाया जाए तथा विकलांग बच्चों की सुविधा के लिए दिल्ली की तरह प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में विशेष शिक्षक की नियुक्ति के साथ सभी ग्राम पंचायत स्तर के विद्यालयों में विशेष कक्ष निर्माण कराए जाएं तथा सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में कम से कम एक विशेष अध्यापक की नियुक्ति की जाए।